राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

सहरिया परिवारों को आर्थिक रूप से उन्नत कर उनकी सांस्कृतिक विरासत को बचाना हम सभी का पुनीत कर्तव्य- राज्यपाल

जयपुर/बारां, 18 जून। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने बुधवार शाम जिले की तहसील शाहाबाद की ग्राम पंचायत खटका के ग्राम भावतीपुरा में मॉडल गांव का निरीक्षण कर वन धन विकास केन्द्रों की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, जनजाति आश्रम छात्रावासों एवं पीएम जनमन सहरिया परिवारों के लाभार्थियों से संवाद किया।

राज्यपाल ने पीएम जनमन योजना से संबंधित विभिन्न विकास के कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के द्वारा आदिवासियों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रत्येक प्रयास जन - जन तक पहुंचे इसके लिए सभी अधिकारी कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कार्यों को करें। उन्होंने इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद कर धरातल पर किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार प्रत्येक आदिवासी परिवार का जीवन आधारभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जनजाति आश्रम छात्रावास में बिजली, पानी एवं भवनों की गुणवत्ता की जांच कर सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सहरिया परिवारों को आर्थिक रूप से उन्नत कर उनकी सांस्कृतिक विरासत को बचाना हम सभी का पुनीत कर्तव्य है।

पी एम जनमन योजना
बहुउद्देशीय केन्द्र भांवतीपुरा

माननी
ज्यपाल